हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 16 फरवरी 2026

06 कोसमी में श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



07 सनफ्लावर स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस में किया विज्ञान...





# महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब, शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव



सतपुड़ा की पावन वादियों से लेकर मां नर्मदा के पुण्य तट तक शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ा। कहीं दुर्गम पर्वतों पर विराजित भोलेनाथ के धाम में लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया, तो कहीं प्राचीन मंदिरों में ब्रह्ममुहूर्त की भस्म आरती और सायंकालीन भव्य शाही सवारी ने वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच महाशिवरात्रि का यह महापर्व श्रद्धा, साधना और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्वितीय संगम बन गया। महाशिवरात्रि का यह पर्व श्रद्धा, साधना और परमात्मा के प्रति अटूट प्रेम का प्रतीक बनकर उभरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

महाशिवरात्रि का पावन पर्व रविवार को जिले भर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिव्य रात्रि में भगवान शिव और जगत जननी माता पार्वती का पावन विवाह संपन्न हुआ था। इस अवसर पर समूचे जिले के शिवालयों में विधि-विधान से रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, महामृत्युंजय जाप, भजन-कीर्तन तथा रात्रि जागरण का आयोजन किया गया।

सतपुड़ा की रमणीय वादियों में विराजमान पवित्र तीर्थस्थल चौरागढ़ महादेव मंदिर में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। 24 घंटे के भीतर लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने दुर्गम चढ़ाई पार कर भोलेनाथ के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भक्तों ने नंगे पांव चढ़ाई कर भगवान का जलाभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

चौरागढ़ धाम में चोरेश्वर महादेव का पावन शिवलिंग, भगवान शिव की दिव्य प्रतिमा तथा चौरा बाबा की मूर्ति प्रतिष्ठित है। इसी कारण यह स्थल चौरागढ़ महादेव के नाम से विख्यात है। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में यहां प्रतिवर्ष दस दिवसीय विराट मेले का आयोजन होता है, जिसमें प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। पूरा वातावरण हर-हर महादेव और "बोल बम" के जयघोष से गुंजायमान रहा।

इसी सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला में स्थित पावन धाम बड़ा महादेव मंदिर तथा जटाशंकर गुफा मंदिर में भी विशेष पूजन-अर्चन एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित कर मनोकामनाएं मांगी।

महाशिवरात्रि के इस महापर्व पर संपूर्ण क्षेत्र भक्तिरस में डूबा नजर आया। सतपुड़ा की पावन वादियां शिवभक्ति से आलोकित हो उठीं और हर ओर शिवमय वातावरण का दिव्य अनुभव हुआ। इस मेले व्यवस्थाओं का जाएजा कलेक्टर सोनिया मीना,एसपी सांई कृष्णा एस थोटा,सीईओ हिमांशु जैन, एसडीएम राजीव रंजन पांडे, एसडीएम आईएएस आकिब खान, तहसीलदार वैभव बैरागी, एसडीओपी मोहित यादव, डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा, टीआई पम सिंह मोर्य के साथ अन्य कर्मियों ने हर पाइंटों पर निगरानी बनाए रखी थी।

### कलेक्टर ने देर रात देखी व्यवस्थाएं



पचमढ़ी में आयोजित होने वाले प्रसिद्ध महादेव मेले की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शनिवार देर रात कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने अचानक पचमढ़ी पहुंचकर मेला क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी जाएं और मॉनिटरिंग में कोई ढिलाई न बरती जाए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान महादेव मंदिर, मंदिर पार्किंग और डीपी पॉइंट का भ्रमण किया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुगम यातायात और पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था देखी। वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेले में स्थापित विभिन्न मेडिकल पॉइंट्स पर पहुंचकर कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ से दवाइयों की उपलब्धता और आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में तत्परता और संवेदनशीलता अनिवार्य है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा के पुण्यसलिला तट स्थित गोल घाट पर विराजित अति प्राचीन श्री काले महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि का महापर्व अत्यंत श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। ब्रह्ममुहूर्त में प्रातः 4 बजे भगवान काले महादेव की दिव्य भस्म आरती संपन्न की गई। मंत्रोच्चार, घंटानाद और शंखध्वनि के मध्य सम्पन्न हुई इस आरती में सैकड़ों श्रद्धालु भाव-विभोर होकर सम्मिलित हुए। सम्पूर्ण मंदिर परिसर शिवमय वातावरण से आलोकित हो उठा।

प्रातःकाल से ही भक्तों की लंबी कतारें दर्शन हेतु उमड़ पड़ीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं रुद्राभिषेक कर शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, भांग एवं पुष्प अर्पित किए। हजारों भक्तों ने भगवान के समक्ष अपनी मनोकामनाएं अर्पित कर सुख-शांति और समृद्धि का



आशीर्वाद प्राप्त किया। सायंकाल 4 बजे भगवान का भव्य एवं राजसी श्रृंगार किया गया। इसके उपरांत नगर में दिव्य शाही सवारी निकाली गई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। ढोल-नगाड़ों, मंजीरों और हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोष के साथ श्रद्धालु झूमते-नाचते हुए सवारी के साथ चल रहे थे। इस पावन शोभायात्रा के दर्शन हेतु नगर की सड़कों पर अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। महिलाएं और पुरुष, युवा और वृद्ध सभी समान उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ इस शाही सवारी में सम्मिलित हुए। मां नर्मदा के तट पर स्थित यह पावन धाम महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत केंद्र बन गया, जहां हर हृदय में शिवत्व का प्रकाश प्रज्वलित होता दिखाई दिया।



## द्वादश ज्योतिर्लिंग महादेव का महामहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

महाशिवरात्रि के परम पावन अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। परम पूज्य अरविंद आचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में द्वादश ज्योतिर्लिंग स्वरूप महादेव का भव्य पूजन, महा रुद्राभिषेक एवं शास्त्रोक्त अनुष्ठान अत्यंत विधि-विधान और वैदिक मर्यादा के साथ संपन्न हुआ। पूरा वातावरण ॐ नमः शिवाय के मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

धर्मनगरी वाराणसी से पधारे 11 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वेद-मंत्रों का शुद्ध एवं सस्वर उच्चारण कर संपूर्ण वैदिक पाठ किया गया।



रुद्राष्टाध्यायी का अखंड पाठ, शिवमहिम्न स्तोत्र का भावपूर्ण गान तथा शास्त्रसम्मत शिवार्चन विधि के माध्यम से महादेव का अभिषेक संपन्न हुआ। जल, दुग्ध, दधि, घृत, मधु और नर्मदाजल से अभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित किए गए। तीन दिवसीय इस दिव्य वैदिक अनुष्ठान के अंतर्गत रात्रि जागरण का भव्य आयोजन भी हुआ। श्रद्धालु रात्रि भर भजन-कीर्तन, स्तुति-गान और शिवनाम संकीर्तन में तल्लीन रहे। मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और घंटानाद के मध्य सम्पूर्ण परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा।

इस महोत्सव ने न केवल भक्तों को शिवभक्ति में सराबोर किया, बल्कि सनातन वैदिक परंपरा की गरिमा और आध्यात्मिक चेतना को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने इसे जीवन का अलौकिक और अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बताया।

## महाशिवरात्रि महापर्व पर तिलक सिंदूर शिवधाम में शिवभक्ति का महासंगम



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सतपुड़ा की पुण्य वादियों में स्थित दिव्य शिवपीठ तिलक सिंदूर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अपार श्रद्धालु उमड़े और सम्पूर्ण धाम शिवमय हो उठा। यह प्राचीन एवं अनूठा शिवधाम अपनी विशिष्ट धार्मिक परंपरा के लिए विख्यात है, जहां भगवान महादेव का अभिषेक पवित्र सिंदूर से किया जाता है। यह परंपरा भक्त और भगवान के मधुर आध्यात्मिक संबंध तथा अटूट आस्था का प्रतीक मानी जाती है।

महाशिवरात्रि के ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर में रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, महामृत्युंजय जप तथा शास्त्रोक्त पूजन-अर्चन का क्रम आरंभ हुआ, जो दिनभर विविध वैदिक अनुष्ठानों के साथ निरंतर चलता रहा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, अक्षत और पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं प्रभु चरणों में समर्पित कीं। ॐ नमः शिवाय के अखंड मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष से सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा। सायंकाल तक लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इटारसी सहित दूर-दराज अंचलों से आए भक्तों ने श्रद्धा-भाव से पूजन कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। महापर्व के अवसर पर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा हेतु समुचित व्यवस्था की गई, जिससे दर्शन-पूजन का क्रम सुचारु रूप से संपन्न हुआ। सतपुड़ा की गोद में स्थित यह पावन शिवधाम महाशिवरात्रि पर धर्म, आस्था और सनातन परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति बनकर दिव्य अनुभूति प्रदान करता रहा।



**नर्मदापुरम।** रसूलिया स्थित इच्छापूर्ति मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शनों को सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। शाम को भव्य बारात के साथ महादेव का आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## शिव पार्वती पाषाण प्रतिमा मंदिर परिसर में प्रारंभ हुआ पांच दिवसीय मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर में नर्मदापुरम मार्ग स्थित प्राचीन शिव पार्वती पाषाण प्रतिमा मंदिर परिसर में महा शिवरात्रि का पांच दिवसीय मेला रविवार से प्रारंभ हुआ है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष शिवरात्रि पर तीन दिवसीय मेला सजता था, लेकिन इस वर्ष पांच दिवसीय मेले की तैयारी नगर परिषद ने की है। नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल व सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि मेले में करीब 200 दुकानें लगी हैं। सीएमओ शर्मा ने बताया कि 15 फरवरी से प्रारंभ हुआ मेला 19 फरवरी को संपन्न होगा।

उन्होंने बताया कि मेले में भक्तों व आमजनों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए नपकर्मी, पुलिसकर्मी, कोटवार व राजस्व कर्मी प्वाइंट्स आधार पर तैनात किए गए हैं। सीएमओ शर्मा ने बताया कि



नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मेले का शुभारंभ किया है। एसडीएम प्रियंका भल्लावी व एसडीओपी संजू चौहान ने बताया कि यातायात व्यवस्था के लिए बैरिकेट लगाकर पुलिस तैनात की गई है। वहीं शिवालय तक महिलाओं व पुरुषों की अलग-अलग पंक्तियों की व्यवस्था की गई है। ताकि श्रद्धालुओं को मंदिर में पहुंचकर शिव परिवार प्रतिमा के दर्शन करने में परेशानी ना हो।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष प्रशासन ने घोषणा की थी कि मेला परिसर में बाइक ले जाने पर कार्रवाई कर बाइक जप्त की जाएगी। इसके बाद भी लोग अनदेखी करते हुए बाइक लेकर मेला परिसर के अंदर घूम रहे थे। जिनकी बाइक्स नगर परिषद के ट्रैक्टर ट्राली में भरकर पुलिस थाने पहुंचाई गई है। मेला तथा मंदिर में जन सुरक्षा की दृष्टि से



15 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कैमरों की हार्ड डिस्क अस्थाई कंट्रोल रूम में रखी गई है, जिसके माध्यम से पुलिस व नपकर्मी मेले पर नजर रख रहे हैं। बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी फर्स्ट एड बॉक्स के साथ कंट्रोल रूम में लगाई गई है।

### चित्रगुप्त मंदिर में मातृ शक्तियों ने किया महारुद्राभिषेक

**नर्मदापुरम।** शहर के चित्रगुप्त घाट स्थित चित्रगुप्त मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा भगवान भोलेनाथ का महा रुद्राभिषेक किया गया। पंडित संदीप तिवारी ने मिट्टी के शिवलिंग बनाए और शिवलिंग की पूजा अर्चना करने के पश्चात महा अभिषेक कराया। भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया । अभिषेक के बाद पूजा अर्चना की गई। आरती और प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी विजय वर्मा, मनोज वर्मा , राजेंद्र श्रीवास्तव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, अध्यक्ष ज्योति वर्मा, सी बी खरे, प्रीती खरे , ममता तिवारी, मंजू श्रीवास्तव, केशव देव वर्मा , लालता प्रसाद, सुमन वर्मा, रश्मि सक्सैना, गुड्डू वर्मा, जानकी, अशोक वर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

### 300 साल बाद अद्भुत महाशिवरात्रि संयोग

**पिपरिया।** पिपरिया में 300 साल बाद बना दुर्लभ ग्रहयोग बना। इस वर्ष महाशिवरात्रि का व्रत 300 साल बाद विशेष संयोग के साथ मनाया गया। फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को शिव विवाह और चार शक्तिशाली राजयोग का निर्माण हुआ।

नगर के वीवी गिरी वार्ड में शारदा कमला प्रसाद भार्गव के घर 68 वर्षों से महापर्व मनाया जाता है, जिसमें पांच पंडितों द्वारा निशा पूजन हुआ। विधायक ठाकुरदास नागवंशी, पार्षद कौशल्या बलराम ठाकुर और संतोष रामावत ने विशेष पूजा-अर्चना की। किन्नर समुदाय ने शिवमंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कराई। सभी गांवों में दीपदान और अभिषेक सहित शिवभक्ति उत्साहपूर्वक संपन्न हुई।

### विजय शंकर द्विवेदी का निधन, पुलिस विभाग और शहर में शोक

## पुलिस सेवा में उत्कृष्टता का प्रतीक थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी में शनिवार को हृदयाघात से सेवानिवृत्त पुलिस उपनिरीक्षक विजय शंकर द्विवेदी का निधन हो गया। वे अपने अनुकरणीय और समर्पित सेवा कार्य के लिए जाने जाते थे। उनके योगदान को देखते हुए तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी द्वारा उन्हें राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया था। उनके निधन की खबर से पुलिस विभाग और शहर में शोक की लहर दौड़ गई।

### अंतिम यात्रा और सम्मान

स्व द्विवेदी की अंतिम यात्रा रविवार सुबह उनके निवास साई की बगिया, न्यास कॉलोनी से निकाली गई। इस दौरान उनके परिजन, मित्र, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और शहर के गणमान्य नागरिक



उपस्थित रहे। जिला पुलिस के सशस्त्र जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। इसके बाद खेड़ा मुक्तिधाम में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र अमित द्विवेदी ने दी। स्वर्गीय विजय शंकर द्विवेदी अपने पीछे पूर्ण और स्नेही परिवार छोड़ गए हैं। उनके पुत्र हैं अजय द्विवेदी, अमित द्विवेदी, और आशुतोष द्विवेदी। शहर और नागरिकों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। स्व. विजय शंकर द्विवेदी न केवल एक समर्पित पुलिस अधिकारी थे, बल्कि अपने अनुकरणीय कार्यों और निष्ठावान सेवा भाव के लिए पूरे विभाग में आदर्श माने जाते थे।

### पतौवापूरा स्थित बंजारन माई के मंदिर में महिलाओं के द्वारा मंदिर की साफ सफाई की गई, नगर परिषद शाहपुर के द्वारा भी शुद्ध जल का सहयोग प्रदान किया

# महाशिवरात्रि पर्व के पूर्व महिला भक्तों ने हल्दी मेहंदी रस्म का भव्य आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

**महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भोलेनाथ की शादी की तैयारी के पहले मेहंदी हल्दी की रस्म मंदिरों में धूमधाम से मनाई गई।**

पतौवापूरा स्थित बंजारन माई के मंदिर में महिलाओं के द्वारा मंदिर की साफ सफाई की गई। जिसमें नगर परिषद शाहपुर के द्वारा भी शुद्ध जल का सहयोग प्रदान किया गया। शाम को सभी महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर मंदिर में एकत्रित होकर भगवान भोलेनाथ को हल्दी मेहंदी एवं तेल चढ़ाया। हल्दी मेहंदी के सुंदर भजन गाए गए । सभी महिला भक्तों ने बहुत ही खुश होकर एक दूसरे को हल्दी मेहंदी लगाकर इस रस्म को निभाया और भगवान भोलेनाथ की भक्ति में भजनों को गाकर सुंदर नृत्य किये, इसके बाद भोलेनाथ की शादी की तैयारी शुरू की। मंदिर में भगवान भोलेनाथ की शनिवार प्रदोष की कथा का श्रवण किया गया। इसके पश्चात आरती कर प्रसाद का वितरण कर महिलाओं ने एक दूसरे को सुहाग की सामग्री का वितरण किया गया । आज शिवभक्तों के द्वारा मंदिर में भगवान शिव का पूजन कर महाशिवरात्रि पर्व का उपवास रखकर खिचड़ी प्रसादी वितरित की जावेगी।





### स्मार्टफोन नहीं होने और नेटवर्क के गायब रहने की समस्या में उलझे किसान

# ई-टोकन से अन्नदातों को खाद लेने में आ रही परेशानी

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

जिले में खाद के लिए ई-टोकन व्यवस्था लागू की गई है, ताकि किसानों को सोसायटियों के सामने लंबी लाइन और भीड़ का सामना न करना पड़े। लेकिन यह व्यवस्था तकनीकी अड़चनों के कारण किसानों के लिए परेशानी बन गई है। सबसे बड़ी परेशानी किसानों के पास स्मार्टफोन और गांवों में नेटवर्क की समस्या है। किसानों का कहना है कि ई-टोकन लेने के लिए स्मार्टफोन और इंटरनेट की जरूरत पड़ती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कई किसानों के पास स्मार्टफोन नहीं हैं, जिनके पास स्मार्टफोन है, वहां नेटवर्क की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कई गांवों में इंटरनेट सिग्नल कमजोर होने से पोर्टल खुलने में ही काफी समय लग जाता है। सर्वर स्लो चलने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जिससे टोकन बुक करने की प्रक्रिया बीच में ही अटक जाती है। इन्हीं तकनीकी परेशानियों के कारण किसान समय पर टोकन नहीं ले पा रहे। जारी टोकनों में भी कई किसानों के टोकन समय सीमा निकलने से एक्सपायर हो रहे, क्योंकि वे निर्धारित स्लॉट पर पहुंच ही नहीं सके। उल्लेखनीय है कि जिले में किसानों को खाद वितरण के लिए भीड और अव्यवस्था से बचाने के उद्देश्य से विगत 11 जनवरी से ई-टोकन व्यवस्था लागू की गई थी, लेकिन स्मार्टफोन या नेटवर्क की समस्या की वजह से यह व्यवस्था तकनीकी अड़चनों में उलझती नजर आ रही है।



### अब तक 3923 किसानों के ई-टोकन जारी

जिले में करीब 2 लाख 47 हजार किसान है, जबकि अब तक केवल 3923 किसानों के ही ई-टोकन जारी हो पाए हैं। इसमें से भी कम ही किसानों ने खाद उठाई है। किसानों का कहना है कि जब तक गांव स्तर पर ऑफलाइन व्यवस्था, हेल्पडेस्क या पंचायत स्तर पर टोकन सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाएगी, तब तक बड़ी संख्या में किसान इस प्रणाली का लाभ नहीं ले पाएंगे, क्योंकि अधिकांश किसान डिजिटल प्रणाली से कोसो दूर है। किसानों के पास स्मार्टफोन नहीं है, और नेटवर्क की समस्या भी है। अधिकांश किसानों को डिजिटल प्रणाली का ज्ञान ही नहीं है। जिसकी वजह से ई-टोकन के लिए उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि ई-टोकन जारी भी हो रहे है तो समय सीमा निकलने यानि 72 घंटे में ई-टोकन एक्सपायर हो जाते हैं। नतीजा यह हुआ कि कम संख्या में किसानों ने ही ई-टोकन के जरिए खाद उठा पाये है।

### जिले में 3.52 लाख हेक्टेयर रकबा

जिले का कुल कृषि रकबा लगभग 3 लाख 52 हजार हेक्टेयर है। रबी सीजन में गेहूं, चना और अन्य फसलों के लिए खाद की मांग अधिक रहती है। ऐसे में डिजिटल व्यवस्था का उद्देश्य तो अच्छा था, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि तकनीकी संसाधनों की कमी और नेटवर्क बाधाओं के कारण जरूरतमंद किसान ही पीछे छूट रहे हैं। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 12 जनवरी से 11 फरवरी 2026 के बीच जारी रिपोर्ट के अनुसार कुल 3923 टोकन जारी किए गए। इनमें से 2477 किसानों ने टोकन पर खाद प्राप्त की, जबकि 357 टोकन पेंडिंग रह गए और 1089 टोकन एक्सपायर हो गए। यानी 1089 किसानों के कूपन तो जारी हुए, लेकिन उन्होंने खाद नहीं उठाई और समय सीमा बीत जाने के बाद यह एक्सपायर हो गये। जिसके बाद किसानों को खाद लेने के लिए दोबारा प्रक्रिया पूर्ण कर टोकन लेना पड़ेगा।

### 801 मीट्रिक टन बिका खाद

ई टोकन से खाद बिक्री पर नजर डाले, तो कुल 17,221 वेग यूरिया की बिक्री दर्ज की गई, जो लगभग 774.95 मीट्रिक टन के बराबर है। इसके अलावा डीएपी के 76 बैग, एमओपी के 134 वेग, एसएसपी के 12 बेग, एनपीके के 131 बैग और टीएसपी के 79 बैग की बिक्री दर्ज हुई। कुल मिलाकर लगभग 801.55 मीट्रिक टन खाद का वितरण हुआ। कृषि विभाग बैतूल के उप संचालक आनंद बड़ोनिया का कहना है कि खाद लेते समय अगर कहीं कोई परेशानी है तो उसे दूर किया जाएगा। बता दे कि पूरे जिले में खाद की 347 दुकानें है। इन दुकानों से खाद लेने के लिए पहले किसानों को सुबह से लाइन में लगाकर खड़े रहना पड़ता था। कई बार दिनभर लाइन में लगने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल पाता था, लेकिन एमपी कृषि पोर्टल से किसान ऑनलाइन ई-टोकन जनरेट कर सकते है। लेकिन इस व्यवस्था में भी नेटवर्क की समस्या बाधा बन रही है।

### इनका कहना है

ई-टोकन से खाद की व्यवस्था पिछले माह ही शुरू हुई है। इस वजह से किसानों की संख्या अभी कम है। आने वाले समय में किसानों की संख्या बढेगी। कृषि रथ के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

- आनंद बड़ोनिया,
उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल

### समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने नहीं करा पा रहे किसान पंजीयन एक सप्ताह में मात्र 148 किसानों ने ही कराया पंजीयन

**बैतूल।** जिले में गेहूं पंजीयन की प्रक्रिया प्रभावित होती दिख रही है। समर्थन मूल्य पर बिक्री के लिए 7 फरवरी से रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है, लेकिन गिरदावरी अधूरी होने के कारण बड़ी संख्या में किसान पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं। अब तक केवल 148 किसानों का ही पंजीयन हो सका है, जबकि गिरदावरी का काम लगभग 50 प्रतिशत ही पूरा हुआ है। रिकॉर्ड अपडेट न होने से किसान केंद्रों से वापस लौट रहे हैं। यदि तय समय में गिरदावरी पूरी नहीं हुई तो पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाने की स्थिति बन सकती है। पिछले वर्ष हजारों किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचा था। इस बार भी किसान उम्मीद लगाए बैठे हैं कि प्रक्रिया समय पर पूरी हो।

### एसडीओ ने दिए निर्देश

# 686.53 लाख की सड़क में गुणवत्ता पर सवाल

**कछार,कोयलारी मार्ग पर जोड़ियांमऊ के पास पुलिया निर्माण को लेकर मतभेद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

कछार से कोयलारी तक 4.20 किमी लंबाई की सड़क का निर्माण 686.53 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है, लेकिन निर्माण के बीच ही गुणवत्ता और मानकों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जोड़ियांमऊ ग्राम के पास बनाई जा रही दो पुलियाओं को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए निर्माण कार्य में अनियमितता के आरोप लगाए।

ग्रामीणों का कहना है कि पहली पुलिया में ठेकेदार द्वारा पाइप को जमीन में अत्यधिक अंदर धंसा कर निर्माण किया जा रहा है, जिससे पुलिया की ऊंचाई कम हो जाएगी और बरसात के समय पानी सीधे खेतों में घुस सकता है। किसान हरि पटेल, बस्तीराम, जतिराम, रघु, रामविलास यादव, गणेश सहित कई ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि पुलिया को तकनीकी मानकों के अनुसार ऊंचा नहीं बनाया गया, तो फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। इसी मुद्दे को लेकर गांव के भीतर भी मतभेद की स्थिति सामने आई है। जहां अधिकांश ग्रामीण पुलिया को निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुसार पर्याप्त ऊंचाई देकर बनाने की मांग कर रहे हैं, वहीं दो-चार ग्रामीण पाइप को नीचे स्तर पर ही रखकर निर्माण करने की बात कह रहे हैं। विरोध कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि नियम के आधार पर पुलिया को ऊंचा बनाना आवश्यक है, ताकि जल निकासी सुचारू रहे और भविष्य में बाढ़ या पानी भराव की स्थिति न बने। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि दूसरी पुलिया, जो पहले से पंचायत द्वारा निर्मित थी, उसे तोड़कर नई पुलिया बनाने के बजाय ठेकेदार केवल मरम्मत कर कार्य पूरा करने का प्रयास कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वीकृत प्रावधान के अनुसार नई पुलिया का निर्माण होना चाहिए, न कि पुराने ढांचे में सुधार कर औपचारिकता निभाई जाए। लगातार विरोध और शिकायतों के बाद लोक निर्माण विभाग के एसडीओ डी.एस. परमार ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के बाद एसडीओ परमार ने ठेकेदार को निर्देश दिए कि पुलिया को तकनीकी मानकों के अनुसार पर्याप्त ऊंचाई देकर बनाया जाए, ताकि जल निकासी की व्यवस्था प्रभावित न हो। साथ ही पंचायत की पुरानी पुलिया को पूरी तरह तोड़कर नियमानुसार नई पुलिया के निर्माण के निर्देश भी दिए गए। एसडीओ श्री परमार ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत पर तत्काल स्थल निरीक्षण किया गया है। जहां भी तकनीकी त्रुटि या मानकों से समझौता पाया जाएगा, उसे सुधारा जाएगा। पुलिया की ऊंचाई और जल निकासी व्यवस्था को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा।

वहीं इस मामले को लेकर क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके को भी ग्रामीणों ने शिकायतें की थीं। इस पर विधायक ने विभागीय अधिकारियों को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोपरि है। यदि निर्माण में लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीणों की समस्या का स्थायी समाधान होना चाहिए। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच की मांग दोहराते हुए कहा है कि तकनीकी मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता भविष्य में भारी नुकसान का कारण बन सकता है। विभागीय निरीक्षण के बाद सुधार की प्रक्रिया शुरू होने की बात कही जा रही है, लेकिन अब ग्रामीणों की नजर यह देखने पर टिकी है कि जमीन पर वास्तव में कितनी सख्ती से नियमों का पालन कराया जाता है।

# कोसमी में श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

औद्योगिक क्षेत्र कोसमी स्थित एमपी विनीइयर्स प्राइवेट लिमिटेड में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। स्वास्थ्य टीम द्वारा श्रमिकों का वजन, ब्लड प्रेशर एवं रक्त जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के दौरान जिन श्रमिकों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गईं, उन्हें आवश्यक औषधि प्रदान की गई तथा आगे के उपचार के संबंध में परामर्श दिया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने श्रमिकों को प्रिवेंटिव हेल्थकेयर, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के महत्व की जानकारी दी।



# विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य व विद्यार्थी कल्याण एनटीएफ की तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह उईके शासकीय महाविद्यालय सारनी बगडोना में राष्ट्रीय टास्क फोर्स एनएफटी मानसिक स्वास्थ्य एवं विद्यार्थी कल्याण के अन्तर्गत तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य प्रदीप पंद्राम एवं एनटीएफ नोडल अधिकारी डॉ. दीपक कुमार मानकर के संरक्षण में किया गया। इस कार्यशाला में श्री प्रदीप पंद्राम ने कहा कि प्रायः सभी व्यक्तियों के जीवन में कुछ न कुछ तनाव होता है। सम्मान की चाह सभी में होती है। किसी का ज्यादा, तो किसी का कम सम्मान होना भी तनाव कारण है। तनाव व्यक्ति के भीतर नही, बल्कि बाहरी परिस्थितियों के टकराव से उत्पन्न होता है। मनुष्य के भीतर तनाव बाहरी आवरण से आता है। इसे कम करने के लिए हमें नकारात्मक से सकारात्मक की ओर अधिक से अधिक मोडने की कोशिश कर तनाव को काफी हद तक कम कर सकते हैं।



# हज यात्रियों को मंगलवार को लगेंगे सुरक्षा टीके, दिया जाएगा यात्रा का प्रशिक्षण

### इस साल बैतूल के 70 लोग करेंगे हज यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले से हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का टीकाकरण और प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 फरवरी मंगलवार को कोकाश लॉन पर आयोजित किया जाएगा। जिला हज कमेटी के प्रमुख शारिक खान ने बताया कि इस साल जिले भर से करीब 70 लोग हज यात्रा पर जा रहे हैं। पिछले सालों की तरह इस बार भी हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए सुरक्षा टीके लगाने और प्रशिक्षण का कार्यक्रम कमेटी की तरफ से रखा गया है। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी हज यात्रियों को टीके लगाएगी। इसके अलावा हज यात्रा से जुड़े अरकान, मसाइल मौलानाओं के जरिए बताए जाएंगे। वही आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी, यात्रा संबंधी नियम, एहराम बांधने का तरीका, अरकाने हज पर भी रौशनी डाली जाएगी। श्री खान ने सभी हाजियों से अपने आवश्यक दस्तावेज, पहचान पत्र एवं हज यात्रा से जुड़े कागजात साथ लेकर समय पर उपस्थित होने की गुज़ारिश की है, ताकि प्रशिक्षण और टीकाकरण की प्रक्रिया व्यवस्थित तरीके से हो सके ।

### नपा बकाएदार दुकानदारों नोटिस और दुकानों को सील करने की तैयारी में जुटी

# नपा अनुबंध का उल्लंघन: दुकानें दूसरों को सौंपी, अब किराया बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

शहर के शनिवार बाजार में निर्मित नगरपालिका की दो दर्जन दुकानों में से बीते कुछ वर्षों पहले दस दुकानें जरूरतमंद लोगों को रोजगार करने के लिए दी गई थी, ताकि वे स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें, लेकिन इन दुकानदारों ने अपनी ये दुकानें मोटी रकम लेकर दूसरों को सौंप दी। अब ये दुकानदार किराया जमा नहीं कर रहे हैं। इससे नगर पालिका को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही नपा अनुबंध नियमों का उल्लंघन हो रहा है। राजनीतिक संरक्षण के कारण दुकानदार अपनी मर्जी के मालिक हो गए हैं। इससे नपा स्टाफ को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि शहर के जरूरतमंद हितग्राहियों के लिए नपा ने लाखों रूपए की लागत से शनिवार बाजार में 20 दुकानें बनाई थी,जिसे जिसमें 10 दुकानों को आवंटित किया गया था, शेष 10 दुकान अभी भी खाली पड़ी है। सूत्रों के मुताबिक 10 आवंटित दुकाने भी जरूरतमंदों की बजाय मुनाफा लेकर गैर जरूरतमंद लोगों को बांट दी गई। इसका परिणाम ये हुआ कि दुकानदारों ने बीते सात सालों से किराया जमा नहीं किया है और यहां कुछ दुकानदारों ने भारी किराए पर दूसरों को दुकान देकर मुनाफा कमाने का जरिया बनाया है। इससे नपा को लाखों का नुकसान हो रहा है। हालांकि यहां नपा प्रशासन भी सवालों के घेरे में है और अब परिषद में ही कई पार्षद जिम्मेदारों पर आपराधिक प्रकरण चलाने की मांग कर रहे हैं।



### नियमों के उल्लंघन पर होंगे नोटिस जारी

बीते कुछ सालों में नपा आर्थिक परेशानी से जूझ रही है। इसे देखते हुए नगर पालिका अब अपनी आय के स्त्रोतों में गड़बड़ी सख्त होती नजर आ रही है। नपा शनिवार बाजार स्थित आवंटित दुकानों के मालिकों को नोटिस देकर सख्त कार्रवाई करने जा रही है। नपा अधिकारी के मुताबिक दुकानों का किराया न भरने वाले, दुकानों को किराए पर देने वाले और यहां भौगोलिक स्थिति में बदलाव करने वाले तमाम दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

### इनका कहना

शनिवार बाजार स्थित 10 आवंटित दुकानों का किराया कई सालों से नहीं मिला है। जांच के बाद पता चला है कि जिनको दुकान दी गई थी वो अपनी दुकान अब किसी और को दे चुके हैं।

**अखिलेश राजनेगी,**
राजस्व प्रभारी, नगर पालिका आमला

### सीएमओ बोले...

शनिवार बाजार स्थित नगर पालिका द्वारा आवंटित दुकानों का किराया नहीं मिलने और नपा के राजस्व को हानि पहुंचाने के मामले में सीलिंग की कार्रवाई भी की जा सकती है, अभी हम फिलहाल सभी को नोटिस भेजकर नगर पालिका बुला रहे हैं।

नितिन बिजवे,
मुख्य नपा अधिकारी आमला

खबर संक्षेप

## बॉडी बिल्डरों ने किया हैरतअंगेज प्रदर्शन

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुर युवा मंडल एवं जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा स्व. आनंद सोलंकी मेमोरियल इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के मार्गदर्शन एवं राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्यप्रदेश के तत्वावधान में शनिवार को संभाग स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप नर्मदा रत्न 2026 का आयोजन अग्निहोत्री गार्डन में किया गया। बॉडी बिल्डिंग के मुकाबले देर रात तक चले। बॉडी बिल्डरों ने देशभक्ति की डीजे धुन पर अपने शरीर सौष्ठव का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। रात 12 बजे हुए फाईनल के कड़े और रोमांचक मुकाबले में नर्मदापुरम के निशांत सरयाम चैंपियन बने उन्होंने नर्मदा रत्न 2026 का ख़िताब जीता। चैंपियन निशांत को मिर्जा जमाल से कड़ी टक्कर मिली लेकिन निशांत सरयाम ने अपनी मांसपेशियों और भुजाओं का बेहतर प्रदर्शन किया और चैंपियन बने। बेस्ट पोजर का ख़िताब मिर्जा जमाल ने जीता , बेस्ट मस्कुलर मैन हकीम खान बैतूल, बेस्ट इम्प्रूव बॉडी ज्योंल नॉटन इटारसी रहे। मैन फिजिक में भी इटारसी के ज्योंल नॉटन चैंपियन बने। विजेताओं को नगद पुरस्कार व चमचमाती ट्रांफिया प्रदान की गई। बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता की शुरुआत खादी ग्राम उद्योग के पूर्व अध्यक्ष जीतेन्द्र लिटोरिया ने स्वामी विवेकानंदजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वालित व माल्यार्पण कर की।

### वर्ष 2016-17 में पुलिस चौकी बनाने के किए थे प्रयास

# 10 वर्ष से मढ़ई मार्ग पर पर्यटक पुलिस चौकी बनाने का कार्य अटका

पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पिछले दस वर्षों से बन रही पुलिस चौकी अभी तक अस्तित्व में नहीं आई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की विश्व प्रसिद्ध टूरिज्म जोन मढ़ई में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए 10 वर्ष पूर्व मढ़ई मार्ग पर पुलिस चौकी बनाने का विचार किया गया था। लेकिन चौकी अब तक अस्तित्व में नहीं आ पाई है।

प्रशासनिक व पुलिस विभाग सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2016-17 दौरान स्टेट हाईवे से कामती होते हुए मढ़ई के रास्ते पर ग्राम घोघरी मार्ग के समीप पुलिस चौकी बनाने के लिए भूमि का चयन किया गया था। भूमि का सीमांकन पुलिस ने राजस्व विभाग के सहयोग से कराया व पुलिस को भू आवंटन के लिए राजस्व विभाग को पत्र भी लिखा गया था। लेकिन तब प्रक्रिया पर लगा विराम 10 वर्ष बीतने के बाद भी जारी है तथा पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पर्यटक पुलिस चौकी मैदानी रूप से अस्तित्व में नहीं आ पाई है।

मामले में जानकारों तथा क्षेत्रवासियों के अनुसार सोहागपुर में लाखों पर्यटकों का आना क्षेत्र के सर्व आयामी विकास के लिए आवश्यक है। एवं पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पर्यटक पुलिस चौकी निर्माण देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों में स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था के प्रति विश्वास जाग सकता है। अतः चौकी निर्माण पुलिस विभाग की ओर से पर्यटकों की सुरक्षा सहित आसपास के ग्रामीण की सुरक्षा के लिए बहुत अच्छा कदम साबित हो सकता है। क्षेत्रवासियों की मांग है कि उक्त कार्रवाई प्रक्रिया को पुनः अस्तित्व में लाकर पर्यटक पुलिस चौकी निर्मित की जानी चाहिए।

**तत्कालीन एसपी से हुई थी बात**

उल्लेखनीय कि 20 दिसंबर 2024 को सोहागपुर थाना व एसडीओपी कार्यालय का निरीक्षण करने आए नर्मदापुरम के तत्कालीन एसपी डॉ. गुरुकरण सिंह से इस विषय में हरिभूमि संवाददाता ने चर्चा की थी। हरिभूमि ने सवाल किया था कि मढ़ई मार्ग पर पर्यटक पुलिस चौकी आखिर कब अस्तित्व में आएगी। तब डॉ. सिंह ने जवाब दिया था कि यह राज्य शासन स्तर का मामला है और निर्णय भी राज्य सरकार को लेना होगा।

### की थी तैयारी

उल्लेखनीय की वर्ष 2016-17 में तत्कालीन पुलिस अधिकारियों की ओर से पर्यटक पुलिस चौकी बनाने के पुरजोर प्रयास किए गए थे। तथा मढ़ई मार्ग पर स्थल चयन कर वहां बोर्ड भी लगाया गया था। यहां तक कि गिट्टी पटककर चौकी निर्माण के लिए प्रयास भी शुरू हो गए थे। लेकिन यकायक ही सभी कार्यों पर विराम लग गया और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी निर्मित नहीं हो पाई। मामले में नागरिकों सहित मढ़ई के आसपास संचालित रिसॉर्ट्स संचालकों एवं वन विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि पुलिस चौकी का निर्माण अनिवार्य रूप से मढ़ई मार्ग पर किया जाना चाहिए।

## 14 वर्षीय बालिका ने लगाई फांसी, पुलिस ने की मर्ग कायमी

**सोहागपुर।** सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शोभापुर में एक 14 वर्षीय बालिका ने रविवार को घर में फांसी लगाकर जान दे दी है। पुलिस ने मामले में जांच प्रारंभ कर दी है।

सोहागपुर पुलिस थाने से जारी प्रेस नोट के अनुसार सूचनाकर्ता जयकिशन पिता कमलसिंह सिलावट निवासी भटगांव रोड छीपा मोहल्ला शोभापुर के द्वारा घटना की सूचना दी गई थी। जिसके अनुसार सूचनाकर्ता व उनके मझंले भाई मदनलाल एक ही मकान में रहते हैं। मदनलाल की एक बेटी राधिका उर्फ रितिका एवं एक बेटा ऋषभ है। मदनलाल 13 फरवरी 2026 को सांई बाबा के दर्शन करने के लिए गए हैं। वहीं 15 फरवरी 2026 को सुबह करीब आठ बजे सूचनाकर्ता जयकिशन नर्मदा स्नान करने के लिए गया था।

जयकिशन नर्मदा स्नान कर सुबह 11 बजे वापस आए। तब चाचा की लड़की ने उन्हें बताया कि राधिका घर में अकेली है और दरवाजा नहीं खोल रही है। गेट खटखटाया फिर भी राधिका उर्फ रितिका पिता मदनलाल सिलावट उम्र 14 वर्ष ने दरवाजा नहीं खोला। खिड़की तोड़कर अंदर गए तो देखा कि राधिका साड़ी का फंदा बनाकर पंखे के कुंदे से लटकी हुई थी। जिसकी मृत्यु हो गई थी। जहां शव को पीएम पश्चात परिजनों को सौपा गया गया है। पुलिस के अनुसार मृत्यु के कारण अभी अज्ञात हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

# शहरी क्षेत्र में बनाया मानधन योजना लक्ष्य पूर्ति का दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नपकर्मी इन दिनों एक नई चुनौती का सामना कर रहे हैं। जिसका नाम है मानधन योजना। जिसमें लक्ष्य पूर्ति का भारी दबाव नपकर्मियों पर है। नियमित लक्ष्य अनुसार पंजीयन ना करने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जा सकती है।

जानकारी अनुसार नप सीएमओ ने गत दिनों एक पत्र जारी किया है। जिसमें उल्लेख है कि तीन फरवरी 2026 को नर्मदापुरम् कलेक्टर द्वारा जारी पत्रानुसार प्रत्येक वार्ड के अंतर्गत असंगठित कर्मकारों का श्रमयोगी मानधन योजना में पंजीयन करना है। ये कर्मकार 18 से 40 वर्ष आयु के होंगे। पत्र अनुसार कार्य में वार्ड प्रभारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिन्हें लक्ष्य अनुसार प्रतिदिन हितग्राही पंजीयन अनिवार्यतः करने होंगे। लक्ष्य अनुसार पंजीयन नहीं कराने वाले वार्ड प्रभारी पर निकाय द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

### प्रतिदिन 30 पंजीयन का लक्ष्य

अभियान में नप आरआई संजय परसाई को नोडल एवं संजीव दुबे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। शहर के 15 वार्डों में 15 वार्ड प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जो मानधन योजना अंतर्गत हितग्राहियों का पंजीयन कराएंगे। पत्र में उल्लेख है कि प्रतिदिन वार्ड प्रभारी को अपने संबंधित वार्ड से 30 हितग्राहियों का पंजीयन करना ही होगा। अन्यथा वार्ड प्रभारी पर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के डर से सभी वार्ड प्रभारी इन दिनों कार्यालयीन समय के पहले व बाद में भी अपने-अपने प्रभार के वार्ड क्षेत्र में हितग्राहियों के हाथ पैर जोड़ते देखे जा सकते हैं

## मध्यप्रदेश अधिवक्ता संघ का प्रतिवाद दिवस

**नर्मदापुरम।** करेरा, जिला शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना को 14 फरवरी को अपराधियों ने गोली मारकर हत्यारत कर दिया। इस घटना से अधिवक्ता समुदाय में गहरा आक्रोश और चिंता व्याप्त है। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद ने इस घटना की घोर निंदा की है और लंबे समय से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रही है। सचिव एवं मीडिया प्रभारी मनोज जराठे ने बताया कि सोमवार को प्रतिवाद दिवस मनाया जाएगा। इस दिन सभी अधिवक्ता न्यायालयीन कार्य से विरत रहेंगे और प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, तथा जिला व तहसील अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेंगे।

# सनफ्लावर स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस में किया विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




सनफ्लॉवर स्कूल सोहागपुर में गत दिवस विज्ञान प्रदर्शनी अर्थात साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए साइंस मॉडल्स की प्रदर्शनी लगाई गई। अतिथियों ने मॉडल्स को सराहा।

स्कूल डायरेक्टर्स दीपक साहू व संदीप साहू ने बताया कि अतिथि रूप में तारा जायसवाल, डॉ. विधुलता आवटे, अनुपमा चौरसिया, प्रेम अमृता दुबे, शाला संस्थापिका गायत्री यशवंत साहू व प्रवीण साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन उपरांत स्कूल के डायरेक्टर्स में शामिल रहे स्व. कुलदीप साहू को श्रद्धांजलि देते हुए किया गया। इस आयोजन में जूनियर साइंटिस्ट्स के चलित मॉडल्स की उपस्थितजनों ने सराहना की। अधिकतर मॉडल्स प्रदूषण रोकथाम के विकल्प, सोलर एनर्जी जनरेशन, फैक्ट्री जनरेटेड प्रदूषण की रोकथाम पर तैयार किये गए। कक्षों को साइंथ थीम अनुसार सजाया गया। आयोजन साइंस टीचर कुमारी प्रशंसा लाल एवं कुमारी आयुषी बारसिया के सानिध्य में हुआ। स्कूल के डायरेक्टर्स दीपक साहू एवं संदीप साहू ने बताया कि अनुज ब्रम्हलीन कुलदीप के जो सपने स्कूल को लेकर थे, उन्हें पूरा करने के प्रयास जारी हैं। शाला प्रबंधन ने आयोजन में उपस्थिति के लिये गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों, बच्चों व शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया।

# रेत का उत्खनन करते 2 पनडुब्बी व 6 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोनिया मीना से प्राप्त निर्देश के पालन में अवैध उत्खनन / परिवहन / भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा शनिवार को सिवनीमालवा तहसील के ग्राम- डिमावर/बाबरी में सीहोर जिले की ओर से लगाये गये दो पनडुब्बी मशीन को जप्त कर पुलिस थाना शिवपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। सोहागपुर तहसील में रेत का अवैध परिवहन करते 4 ट्रेक्टर ट्राली, बनखेड़ी तहसील में 1 ट्रेक्टर ट्राली एवं डोलरिया तहसील में मुरूम का अवैध परिवहन करते हुए 1 डम्पर जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। उक्त कार्यवाही में विजय राय, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनीमालवा, जय सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम, दिवेश मरकाम, जिला खनि अधिकारी नर्मदापुरम, पिंकी चौहान, खनि निरीक्षक नर्मदापुरम, कृष्णकांत सिंह परस्ते, प्रखनि निरीक्षक नर्मदापुरम एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा।उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# स्वर्गीय जे एल वर्मा ट्रॉफी इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट नर्मदापुरम ने जीता फाइनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्वर्गीय जे एल वर्मा ट्रॉफी इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-13 प्रतियोगिता का फाइनल नर्मदापुरम और बैतूल के मध्य एमपीसीए ग्राउंड पर खेला गया।जिसमें नर्मदापुरम ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर बैतूल को हराया। नर्मदा पुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव श्री प्रदीप तोमर ने बताया कि नर्मदापुरम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भव्य गोठी के 110 रनों की शतकीय पारी एवं प्रज्ञान थापक 52 रनों की मदद से 277 रन बनाकर ऑल आउट हुई। बैतूल की ओर से सक्षम महाले ने 7 विकेट हासिल किए थे।लक्ष्य का पीछा करते हुए बैतूल की टीम 197 रनों पर ऑल आउट हो गई।जिसमें काव्यांश भालेकर सर्वाधिक 82 रनों की पारी खेली।नर्मदापुरम टीम की ओर से भव्य गोठी,प्रज्ञान थापक और निष्कर्ष परासर ने 2-2 विकेट एवं दिव्यांश चौरे और दिव्यांश जैन ने 1-1 विकेट हासिल किया। ऑल राउंड प्रदर्शन करने पर भव्य गोठी को मेन ऑफ द मैच चुना गया।मैच में अंपायर हरीश हनोटिया और गजेंद्र सालोकी एवं स्कोरर दिनेश वर्मा रहे। प्रतियोगिता समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कपिल फौजदार ने अपने उद्बोधन में बताया कि स्वण. जेएल वर्मा ने क्रिकेट में योगदान अपना महत्व पूर्ण योगदान दिया था। कार्यक्रम का संचालन राजेश चौरे जिला क्रिकेट संघ नर्मदापुरम अध्यक्ष द्वारा किया गया और आभार श्री कुलभूषण मिश्रा जी द्वारा व्यक्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में कपिल फौजदार,विजय वर्मा, कुलभूषण मिश्रा,राजेश चौरे, निर्वेश फौजदार,संजय नाफडे,सुनील कालोसिया, अजय राठौर,शफीक खान,नितेश राजपूत, शैलेन्द्र पवार एवं अभिभावक गण सहित ग्राउंड स्टाफ मौजूद रहा।

# रिहायशी शास्त्री कॉलोनी बनी निजी गोदामों का अड्डा, भारी वाहनों से रोज बन रहे जाम के हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



नगर की सबसे व्यवस्थित और चर्चित मानी जाने वाली शास्त्री कॉलोनी आज अपनी मूल पहचान खोती नजर आ रही है। कभी शांत, सुव्यवस्थित और सुरक्षित रिहायशी क्षेत्र के रूप में पहचानी जाने वाली यह कॉलोनी अब धीरे-धीरे निजी गोदामों और दुकानों का अड्डा बनती जा रही है।

हालात यह हैं कि दिनभर भारी ट्रकों और ट्रॉलियों की आवाजाही से यहां जाम की स्थिति आम बात हो गई है। सड़क किनारे खड़े बड़े वाहनों के कारण कॉलोनी की सड़कें, जो कभी सुचारु आवागमन के लिए जानी जाती थीं, अब जर्जर होकर धूल उड़ाने लगी हैं।स्थानीय रहवासी सीताराम राजपूत का कहना है कि कॉलोनी के कई मकानों को गोदामों में बदल दिया गया है, जहां सीमेंट, लोहे और अन्य निर्माण सामग्री के साथ किराना सामान का भंडारण किया जा रहा है। सुबह से देर शाम तक माल भरने-उतारने का सिलसिला चलता रहता है। भारी वाहन घंटों सड़क पर खड़े रहते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और कई बार एम्बुलेंस जैसे जरूरी वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। उन्होंने कहा है कि सीमेंट और अन्य निर्माण सामग्री की धूल हवा में घुलकर घरों तक पहुंच रही है। बुजुर्गों और बच्चों में सांस फूलने, एलर्जी और दमा जैसी शिकायतें बढ़ रही हैं। कई बार छोटे बच्चों को खड़े ट्रकों के बीच से निकलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय एडवोकेट नितेश यादव का कहना है कि नगर परिषद की अनदेखी के कारण रिहायशी क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां बेलगाम बढ़ी हैं।

न तो किसी प्रकार की प्रभावी निगरानी है और न ही भारी वाहनों के प्रवेश पर कोई समय निर्धारण या प्रतिबंध लागू किया गया है। इससे कॉलोनी का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है और रहवासियों का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल सर्वे कर रिहायशी क्षेत्र में संचालित गोदामों और दुकानों की जांच की जाए। भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया जाए तथा क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो शास्त्री कॉलोनी की पहचान पूरी तरह खत्म हो जाएगी और आमजन की परेशानियां और गहरी होंगी।

# अवैध रेत खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई: बिना रॉयल्टी परिवहन करने वालों पर किए प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई शनिवार को तहसील बुधनी और रेहटी भैरूंदा क्षेत्र में सघन जांच के दौरान की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को तहसील भैरुंदा में संयुक्त टीम ने क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की घेराबंदी कर जांच की। इस दौरान 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना वैध रॉयल्टी पर्ची एवं परिवहन दस्तावेजों के रेत ले जाते पाए गए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर टीम ने मौके पर ही वाहनों को जब्त कर थाना भैरुंदा की अभिरक्षा में खड़ा कराया। संबंधित वाहन चालकों और संचालकों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जुर्माना अधिरोपित किया गया है।प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसारक्षेत्र में लंबे समय से अवैध उत्खनन और रेत परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की रणनीति बनाई है। इसके तहत अलग-अलग स्थानों पर अचानक चेकिंग और दबिश दी जा रही है, जिससे अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।खनिज विभाग के अनुसार अवैध खनन से शासन को राजस्व हानि होती है, वहीं नदियों के प्राकृतिक स्वरूप और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग ने निगरानी और गश्त बढ़ा दी है।प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में लगातार नाकाबंदी कर वाहनों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जहां भी अवैध परिवहन या उत्खनन की सूचना मिलती है, वहां तत्काल संयुक्त टीम पहुंचकर कार्रवाई कर रही है। आने वाले दिनों में अभियान तेज किया जाएगा तथा रात्रिकालीन निगरानी भी बढ़ाई जाएगी।

### शिवार्चन समिति के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर किया धार्मिक कार्यक्रम आयोजन

# शिव संसार को जोड़ते हैं :आचार्य सोमेश परसाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शिवार्चन समिति के तत्वाधान व पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री सोमेश परसाई जी के सान्निध्य में विगत 39वर्षों से आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव में 40वे वर्ष में पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री सोमेश परसाई जी ने शिवभक्तों को संबोधित करते हुए कहा भगवान शिव संसार को जोड़ते हैं भगवान शिव का एक मात्र दरबार है जहां सर्प है तो शिकारी मयूर भी है बैल है तो भगवती का वाहन शेर भी है। किंतु सभी शिव परिवार के साथ प्रेमपूर्वक है मानो संसार को संदेश दे रहे हैं कि शिव राग द्वेष को समाप्त कर मोक्ष को देने वाले हैं ।इसके पश्चात आचार्य श्री ने कहा कि कलयुग में श्रद्धा भाव से भगवान का नाम ले लेने मात्र से अनंत फल की प्राप्ति होती है । हट योग से जीवन बन जाता है और जीवन बिगड़ जाता है ।जरा सी प्रतिकूल परिस्तिथि में हम भगवान को कोसने लगते है । हम स्वार्थी हो गए है हम भगवान से भी व्यापार करना चाहते है ।हम नाना प्रकार की कबूलना करते है ये व्यापार ही तो है ।वो परम पिता सबका पिता है उससे मांगने की क्या आवश्यकता है हम जिस वस्तु के योग्य है ईश्वर हमे स्वतः ही प्रदान कर देते है ।आचार्य श्री ने शिवाराधना का महत्त्व बताते हुए कहा कि भगवान शिव औघड़दानी हैं भगवान शिव नवग्रहों के भी स्वामी है शिवभक्ति करने वाले भक्तों पर ग्रहों की कुदृष्टि कभी नही पड़ती ।कुंडली के दोषों को मिटाने का सामर्थ्य केवल भगवान शिव में हैं । इसके पश्चात आचार्य श्री ने कहा कि तीन रात्रियों का महत्त्व है जिनमे से शिवरात्रि प्रमुख है ।आज शिवलिंग का प्राकट्य भी हुआ है । आज भगवान शिव की पूजा करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है । भगवा-शिव का नाम कल्याण स्वरुप है।इनके पूजा मात्र से त्रिविध तापों का नाश संभव है । आज के दिन अभिषेक का सर्वाधिक महत्त्व है । इसके पश्चात भगवा-शिव के रुद्राभिषेक हुआ जिसमे दूध दही घी शहद सहित नाना प्रकार के द्रव्यों से भगवा-शिव का अभिषेक हुआ .भगवा-का रूद्र सूक्त व शिवमहिम्न से संगीतमय अभिषेक किया गया ।बिल्वपत्र महत्त्व व महाशिवरात्रि की कथा के बारे में प्रकाश डालते हुए गुरु देव ने कहा आज के दिन भगवा- शिव को बिल्वपत्र अर्पित करने का सर्वाधिक महत्त्व है ।सृष्टि भी त्रिगुणमयी है और बिल्वपत्र में तीन ही पत्तिया है।तीन पत्ती वाली बिल्वपत्र का ही सर्वाधिक महत्त्व है ।एक बिल्वपत्र तीन जन्मों के पाप समाप्त करती है।भगवान की सुंदर स्तुतियां शिवमहिम्न स्तोत्र,शिवपंचाक्षर स्तोत्र ,लिंगाष्टक,रुद्राष्टक का संगीतमय गान किया गया ।भगवान की दिव्य भस्म आरती एवं महाआरती की गई तत्पश्चात प्रसादी वितरण सम्पन्न हुआ ।

### मैरिज गार्डनों की मनमानी से फिर थमे वाहनों के पहिए

# मुख्य मार्ग पर दो घंटे जाम, एंबुलेंस-बसें भी फंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

शादी-विवाह के सीजन में नगर की यातायात व्यवस्था एक बार फिर चरमरा गई। गुरुवार, 12 फरवरी की शाम नगर के सबसे व्यस्त इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग पर करीब दो घंटे लंबा जाम लगा रहा। वाहन रेंगते रहे, एम्बुलेंस और यात्री बसें फंसी रहीं, स्कूली छात्र और कामकाजी लोग समय पर गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी बड़ी घटना है, जिसने प्रशासन और पुलिस की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मार्ग किनारे स्थित कई मैरिज गार्डनों और शादी हॉल में एक साथ समारोह आयोजित थे।

शाम ढलते ही मेहमानों की भीड़ और वाहनों का दबाव बढ़ गया। हालात तब बिगड़े जब दर्जनों कारें और दोपहिया वाहन सड़क किनारे आड़े-तिरछे खड़े कर दिए गए। मुख्य मार्ग संकरा पड़ गया और देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। एक ओर दूल्हा रथ पर सवार था और बाराती डीजे की धुन पर नाच रहे थे, वहीं दूसरी ओर आम लोग जाम में फंसकर व्यवस्था को कोसते नजर आए।स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब जाम में एम्बुलेंस भी फंस गई। मरीज को लेकर जा रहे परिजन रास्ता खाली कराने की गुहार लगाते रहे। यात्री बसों में बैठे लोग भीषण भीड़ के बीच घंटों इंतजार करते रहे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकांश मैरिज गार्डनों में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं है, फिर भी धड़ल्ले से अनुमति दी जा रही है। समारोहों के दौरान ट्रैफिक प्रबंधन का कोई ठोस प्लान नजर नहीं आता।गुरुवार को शुरुआती समय में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी नहीं दिखी। जब जाम लंबा होता गया तो स्थानीय युवाओं और राहगीरों ने स्वयं आगे बढ़कर यातायात संभालने की कोशिश की। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका। नागरिकों का आरोप है कि यदि पहले से अतिरिक्त बल तैनात किया जाता और सड़क किनारे पार्किंग पर सख्ती बरती जाती तो हालात इतने नहीं बिगड़ते। उल्लेखनीय है कि 5 फरवरी को भी मार्ग पर घंटों जाम लगा था।

## खबर संक्षेप

### न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने सीहोर जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसार बंदियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया। तथा जेल में बंदियों से जाति आधारित भेदभाव या इस प्रकार की भेदभावपूर्ण प्रथाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। आर्य ने सभी संबंधितों को निर्देश दिए कि जेल में किसी भी बंदी के साथ जाति आधारित भेदभाव न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्ति, अपील प्रस्तुति, जमानत आवेदन प्रस्तुति, जमानत के बाद भी जेल में निरुद्ध बंदियों, सजा पूरी होने के बाद भी जेल में निरुद्ध बंदियों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने बंदियों की समस्याओं को सुना।

### नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत से योजनाओं का किया प्रचार-प्रसार

**भैरूंदा।** ग्रामीण अंचलों में वित्तीय साक्षरता और बैंकिंग योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से जतन उजाला सेवा संस्था शिवपुरी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बैंक के माध्यम से अनुमति प्राप्त इस अभियान के तहत भैरूंदा ब्लॉक की लाड़कुई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि शाखा सहकारी समिति में शनिवार को नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के जरिए योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने मनोरंजक शैली में प्रस्तुत नाटक के माध्यम से आमजन को साइबर ठगी से सावधान रहने का संदेश दिया। गीतों के जरिए बताया गया कि अंजान कॉल, लिंक और ओटीपी साझा करने से कैसे धोखाधड़ी हो सकती है और इससे बचाव के क्या उपाय हैं। इसके साथ ही बैंक की जनकल्याणकारी योजनाओं—प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना—की विस्तृत जानकारी दी गई। नाटक के माध्यम से योजनाओं के लाभ, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया, जिससे किसानों और ग्राहकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।संस्था की टीम 28 जनवरी से लगातार विभिन्न संस्थानों में पहुंचकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ऋण, जमा और अन्य बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूकता फैला रही है। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि समिति में खाद वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। अब किसानों को लंबी कतार में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी, वे टोकन प्रणाली के माध्यम से खाद की बुकिंग कर सकेंगे।

### 3479 विद्यार्थियों ने दी बोर्ड परीक्षा

**बैतूल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 के तहत शनिवार को जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं का एनएसबीएफ समग्र विषयों का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 55 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें कुल 3 हजार 538 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 3 हजार 479 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 59 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने 12 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। सुरक्षा और निगरानी के इंतजाम किए गए थे।

उपवास रखकर भक्तों ने महाशिवरात्रि पर की भगवान भोले की आराधना

# जिले में गूंजा ओम नमः शिवाय, भगवान शिव की निकाली बारात, जगह जगह किया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर अजनाल नदी के तट पर स्थित प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। बारात से पहले 11 पंडितों के मार्गदर्शन में 151 लीटर दूध से भगवान का महाअभिषेक किया गया। इसके अलावा शहर के अन्य मंदिरों की समितियों ने भी भगवान भोले नाथ की बारात निकाली। इस दौरान कहीं पुष्पवर्षा का स्वागत किया तो अधिकांश जगह विभिन्न परिवारों ने बारात को जलपान, फलाहार, फल आदि से स्वागत किया। रविवार को ब्रह्ममुहूर्त से ही शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। शहर के विभिन्न शिवालयों से भगवान भोलेनाथ की शोभायात्राएं भी निकाली गईं। गुप्तेश्वर मंदिर से निकली बारात में भूत, पिशाच और शिवगणों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। नंदी पर सवार भोलेनाथ ने डमरू पर तांडव भी किया। शिवजी की बारात गुप्तेश्वर मंदिर से शुरू होकर घंटाघर चौक, चांडक चौराहा, टांक चौराहा और जैसानी चौक से होते हुए वापस गुप्तेश्वर मंदिर पहुंची। इस दौरान सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिवजी की पालकी के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। बारात निकलने से पूर्व ब्रह्ममुहूर्त में गुप्तेश्वर मंदिर परिसर में स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों का गुप्तेश्वर मंदिर समिति द्वारा महाअभिषेक किया गया। यह अभिषेक 151 लीटर दूध से 11 पंडितों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शहर के अन्य शिवालयों जैसे कृषि उपज मंडी के पंच पिपलेश्वर महादेव मंदिर, पेड़ी घाट के प्राचीन शिव मंदिर और एलआईजी कॉलोनी के ओंकारेश्वर मंदिर में भी सुबह से विधि-विधान के साथ भोलेनाथ का अभिषेक पूजन किया गया।

### सिराली में हुई आकर्षक सजावट



जिले के सिराली के तिलभांडेश्वर शंकर मंदिर को भी आकर्षक रूप से सजाया गया। यहाँ पर दूर दूर से दर्शन करने के लिए भक्त आते हैं। सुबह भोले नाथ का आकर्षक श्रंगार किया गया इसके अलावा शाम को राजाधिराज के रूप में श्रंगार किया गया। महाशिवरात्रि पर यहाँ पर बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करने के लिए पहुंचे। इसके अलावा मकड़ाई में भी गुफा में विराजित भगवान के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे यहाँ पर पुलिस और प्रशासन की व्यवस्था लागि रही। हँडिया के करुणाधाम शिव मंदिर में भक्तों की भीड़ सुबह से ही लगी रही। यहाँ पर भगवान का अभिषेक और पूजा पाठ किया गया।

### महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया




**रहटगांव।** महाशिवरात्रि पर क्षेत्र मे हर्षोल्लास उल्लास से भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर शिवरात्रि मनाईं गई। क्षेत्र के मंदिरों मे दिनभर पुजा का दौर चलता रहता। हाई स्कूल के सामने नर्मदेश्वर मंदिर पर, खेड़ी मोहल्ला शंकर मंदिर, स्थानीय मुक्ति धाम के पास स्थित शंकर मंदिर ,थाने के सामने शंकर मंदिर पर प्रसादी वितरण की। मोहनपुर मे भूतेश्वर महादेव सहित अनेक मंदिरों मे पूजा पाठ का दौर चलता रहा। गणेश चौक में स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर में बाबा महाकाल की ग्राम में भव्य झांकी सायंकाल को भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। वहीं आरती से पहले बाबा महाकाल की भव्य शोभायात्रा पालकी पूरे नगर में भ्रमण के लिय निकाली गई। इधर नजरपुरा में भी शोभा यात्रा निकाली गई। क्षेत्र में बैंड बाजे से शोभा यात्रा भगवान की पालकी निकाली गई। जिसमें जगह-जगह भगवान की बारात का भव्य स्वागत बंधन किया गया। फूलों की वर्षा की गई भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना भी की गई।

## पंचकोशी यात्रा करताना पहुंची कल होगा समापन

**हरदा।** क्षेत्र की खुशहाली और अच्छी फसल की कामना को लेकर सैकड़ों वर्षों से आयोजित की जा रही पंचकोशी यात्रा रविवार को हरदा जिले के ग्राम करताना पहुंची। इस पांच दिवसीय यात्रा में लगभग 20 हजार श्रद्धालु शामिल हैं, जो 90 किलोमीटर का पैदल सफर तय करेंगे। यात्रा अमावस्या पर कल मंगलवार को समाप्त होगी। इस वर्ष यात्रा के पारंपरिक मार्ग में बदलाव किया गया है। पहले हजारों श्रद्धालु दो बार नाव से नर्मदा नदी पार करते थे, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता था। नए मार्ग से यह जोखिम टल गया है। एसडीओपी टिमरनी आकांक्षा तलया ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए यात्रा मार्ग पर 100 से अधिक पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। पेट्रोलिंग टीम भी लगातार मार्ग पर नजर रख रही है। जनपद सीईओ टिमरनी चेतना पाटिल के अनुसार, जिन पंचायतों से यात्रा गुजर रही है, वहां टेंट लगाकर यात्रियों के ठहरने और पानी की व्यवस्था की गई है। स्थानीय लोगों और समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए भोजन और स्वल्पाहार का भी प्रबंध किया गया है। प्रशासन ने यात्रा के सुचारु और सुरक्षित संचालन के लिए अधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की है, साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रहेगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

श्री सिद्धनाथ महादेव नर्मदा पंचकोशी पदयात्रा समिति, नेमावर द्वारा वर्ष 1987 में इस यात्रा की शुरुआत की गई थी। फागुन माह की एकादशी से अमावस्या तक चलने वाली यह यात्रा इस वर्ष 13 से 17 फरवरी तक आयोजित हो रही है। केंद्रीय समिति अध्यक्ष रामदीन सेवालिया (दावठा) ने बताया कि 1987 में सिद्धनाथ नाभिकुंड से यह यात्रा मात्र पांच श्रद्धालुओं के साथ शुरू हुई थी। आज इसने विशाल रूप ले लिया है, जिसमें हजारों श्रद्धालु मां नर्मदा की सूक्ष्म परिक्रमा का लाभ लेते हैं। समिति के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सहित गुजरात में भी पंचकोशी यात्राएं संचालित की जा रही हैं, और वर्षभर नर्मदा घाटों पर कुल 33 यात्राएं आयोजित होती हैं।

15 दिन पहले हुआ था हादसा, तब पति का हुआ था निधन

## सड़क हादसे में घायल महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**हरदा।** 15 दिन पहेल 1 फरवरी को खंडवा जिले के किललोद हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल गायत्री विश्वकर्मा (45) की 14 फरवरी की रात एम्स भोपाल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में उनके पति गौरीशंकर विश्वकर्मा (50) की घटना वाले दिन ही मौत हो गई थी। हरदा के विष्णुपुरी कॉलोनी निवासी गौरीशंकर विश्वकर्मा पेशे से ड्राइवर थे। वह अपनी पत्नी गायत्री विश्वकर्मा के साथ 1 फरवरी शनिवार को संत सिंगाजी महाराज की परचरी कथा में शामिल होने गए थे। वहां से लौटते समय खिरकिया मार्ग पर उनकी बाइक को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद घायलों को तुरंत किल्लोद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हरदा जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि, हरदा ले जाते समय रास्ते में ही गौरीशंकर विश्वकर्मा की मौत हो गई थी। पत्नी गायत्री विश्वकर्मा को पेट में अंदरूनी चोटें आई थीं, जिसके चलते उन्हें हायर सेंटर भोपाल रेफर किया गया था। उनके बेटे हरीश विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी माँ के दो ऑपरेशन हुए थे, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद बीती रात करीब एक बजे उनकी भी मौत हो गई।

## बंजारा समाज ने संत सेवालाल की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।




नगर में बंजारा समाज ने रविवार को अपने आराध्य संत शिरोमणि सेवालाल महाराज की 287वीं जयंती सादगीपूर्वक मनाई। इस अवसर पर बंजारा युवा संघ द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में समाज के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण संकल्प लिए गए। समाज के अध्यक्ष कैलाश पंवार और बंजारा युवा संघ के प्रदेश मंत्री दिलीप नायक ने युवाओं को नशामुक्ति का संकल्प दिलवाया। अध्यक्ष पंवार ने अपने संबोधन में बालिका शिक्षा को विशेष महत्व देने का आह्वान किया और युवाओं को संत महापुरुषों के उपदेशों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में दूध डेयरी के पास स्थित संत सेवालाल महाराज की प्रतिमा का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद महाआरती आयोजित की गई और उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान समाज से जुड़ी बुराइयों को दूर करने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने का भी संकल्प लिया गया।

समाज के वरिष्ठ सदस्य रंजीत सिंह बंजारा और शिवानी नायक ने बताया कि जयंती महोत्सव के दौरान समाज ने संत सेवालाल महाराज के आदर्शों को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया है। संत सेवालाल महाराज ने संगठित रहने, अच्छे सिद्धांतों से जीवन जीने, नशे से दूर रहने और अपने अधिकारों के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया था। इस अवसर पर समाज ने सरकार से महाराष्ट्र की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी 'टांडा विकास योजना' तत्काल लागू करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उच्च शिक्षा के लिए उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो समाज द्वारा आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रंजीत नायक और बाचुसिंह पंवार ने किया।

## साहिल हत्याकांड के तीन दोषियों को उम्रकैद

### 15 लोगों की हुई गवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के चर्चित साहिल हत्याकांड में न्यायालय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत ने फैसला सुनाते हुए तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी साजिद, जुबैर और आमिर निवासी सिपाही पुरा को धारा 302 हत्या में आजीवन कारावास और धारा 201 साक्ष्य मिटाने में 7-7 वर्ष के कठोर कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार 31 दिसंबर 2023 की रात मृतक साहिल मंडी चौराहा जाने का कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। 2 जनवरी 2024 को कब्रिस्तान नाले के पास उसकी अधजली लाश मिली। साहिल के पिता रहमत अली ने शरीर पर मौजूद अंगूठी और बेल्ट के बक्कल से उसकी पहचान की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि साहिल की हत्या चाकू से कई वार करके की गई थी और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उसके शव को जलाने की कोशिश की गई थी।

#### प्रेम प्रसंग हत्या की वजह

पुलिस विवेचना में सामने आया कि मृतक साहिल की एक महिला मित्र थी, जिससे आरोपी साजिद प्रेम करता था और शादी करना चाहता था। घटना की रात साजिद ने साहिल को उस महिला मित्र से बात करते देख लिया था। इसी रंजिश में साजिद ने अपने साथी जुबैर के साथ मिलकर कब्रिस्तान नाले के पास साहिल पर चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

#### सबूत मिटाने बुलाया था

हत्या के बाद आरोपियों ने अपने तीसरे साथी आमिर को बुलाया। आमिर की स्कूटी पर शव को नाले के पास ले जाकर आरोपियों ने उसे जला दिया। साक्ष्य मिटाने के लिए उन्होंने अपना स्वेटर और साहिल के मोबाइल की सिम भी आग के हवाले कर दी। वारदात में इस्तेमाल चाकू और साहिल की मोटरसाइकिल एक बावड़ी में फेंक दी, जबकि खून से सनी पैंट झाड़ियों में छिपा दी।

## सीनियर स्टेट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




शहर के क्रिसेंट ग्रीन गार्डन में आयोजित सीनियर स्टेट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस गरिमामय आयोजन ने प्रदेश भर के खिलाड़ियों को अपनी शक्ति और कौशल प्रदर्शन के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय व विशेष अतिथि डॉ गगन नामदेव द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री राय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक शक्ति बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन और जुझारूपन के गुणों का भी विकास करते हैं। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीहोर जिला पावर लिफ्टिंग ऐसोसिएशन के महासचिव सत्यनारायण वारिया ने अतिथियों का पुष्पहारों से सम्मान किया गया। राज्य स्तरीय इस स्पर्धा में विभिन्न जिलों से आए पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के अंत में विजयी खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र भारतीय किसान संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी व जिला खेल अधिकारी रूबिका दीवान द्वारा प्रदान किए गए। आयोजक समिति के भारत सोनी, नितिन शर्मा, सत्यनारायण वारिया, सुमित गिरोठिया, प्रतीक नामदेव ने सभी सहयोगियों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए खेल भावना को सदैव जीवित रखने का संकल्प लिया।

उक्त प्रतियोगिता में 59 किलो पुरुष प्रथम अरिहंत जैन इंदौर कॉरपोरेशन, द्वितीय नयन शर्मा उज्जैन, तृतीय अनुराग बेन जबलपुर, 66 किलो पुरुष प्रथम ध्रुव राज कुरे भोपाल जिला, द्वितीय अंटोन शाजी भोपाल कॉरपोरेशन, तृतीय विवेक पांडे इंदौर कॉरपोरेशन, 74 किलोग्राम पुरुष, प्रथम सुमित सिंह ठाकुर जबलपुर, द्वितीय अमन भगत इंदौर कॉरपोरेशन, तृतीय अभिषेक शर्मा उज्जैन, 83 किलोग्राम पुरुष, प्रथम योगेश नाथ जिला भोपाल, द्वितीय हर्ष रघुवंशी इटारसी, तृतीय मयंक कुमार शर्मा भोपाल कॉरपोरेशन, 93 किलोग्राम पुरुष, प्रथम जय सिंह बाघ रतलाम, द्वितीय हर्ष रघुवंशी इटारसी, तृतीय मयंक कुमार शर्मा भोपाल, 105 किलोग्राम पुरुष, प्रथम शशांक जोशी जबलपुर, द्वितीय आशीष यादव इंदौर जिला, तृतीय स्नेह राज सिंह पवार इंदौर कॉरपोरेशन, 120 किलोग्राम प्रथम मयंक जोशी उज्जैन, द्वितीय बुद्धदेव सिन्हा इंदौर कॉरपोरेशन, तृतीय आदित्य सिंह कुशवाहा इंदौर जिला, 120 किलोग्राम पुरुष प्रथम सुदर्शन तिवारी बड़वानी, द्वितीय परितेश पाल इंदौर कॉरपोरेशन वजन वर्ग में अपना दमखम दिखाया।

### कार्रवाई की जा रही

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे।

## हरिभूमि पड़ताल: आबादी बढ़ी पर विद्यार्थी घटे, बोर्ड परीक्षार्थियों की संख्या में साल दर साल गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और स्कूलों को आधुनिक बनाने के लिए 'सीएम राइज' और 'पीएम श्री' जैसी योजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। करीब 15 लाख की आबादी वाले जिले में हर साल बोर्ड परीक्षार्थियों का ग्राफ नीचे गिर रहा है। 'हरिभूमि' की विशेष पड़ताल में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं कि पिछले तीन सालों में जिले में 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। सवाल यह उठता है कि क्या जिले के युवा मुख्यधारा की शिक्षा से दूर हो रहे हैं या वजह कुछ और है।

#### तीन साल में फिसला छात्रों का ग्राफ

जिले में बोर्ड परीक्षार्थियों की संख्या में आ रही गिरावट को पिछले तीन वर्षों के तुलनात्मक आंकड़ें साफ बता रहे हैं कि साल 2024 में जिले में शिक्षा का उत्साह चरम पर था, जब कुल 40 हजार 931 परीक्षार्थी मैदान में थे। इनमें 10वीं के 22 हजार 461 और 12वीं के 18 हजार 470 छात्र शामिल थे, जिनके लिए 101 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसके ठीक एक साल बाद साल 2025 में यह संख्या थोड़ी घटकर 40 हजार 591 पर आ गई। हालांकि प्रशासन ने छात्रों की सुविधा के लिए केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 103 कर दी थी, लेकिन परीक्षार्थियों की कुल संख्या में करीब 340 की कमी आई। इस दौरान 10वीं में 22 हजार 306 और 12वीं में 18 हजार 285 छात्र परीक्षा में बैठे। सबसे चौंकाने वाले आंकड़े वर्तमान सत्र यानी साल 2026 के हैं। इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। कुल छात्र संख्या घटकर महज 38 हजार 11 रह गई है, जो साल 2024 के मुकाबले करीब 2 हजार 920 कम है। इस बार 10वीं में 20 हजार 749 और 12वीं में 17 हजार 262 परीक्षार्थी ही शामिल हो रहे हैं, जबकि परीक्षा केंद्रों की संख्या भी फिर से घटकर 101 हो गई है। साल-दर-साल कम होते ये आंकड़े जिले की शिक्षा व्यवस्था और छात्र संख्या के पलायन पर गंभीर सवालिया निशान लगा रहे हैं।

#### क्षेत्रफल बड़ा, संसाधन अनेक, पर नतीजे सिफर

जिला भौगोलिक दृष्टि से काफी बड़ा है, जिसमें बुधनी, आष्टा, सीहोर और इछावर जैसे चार महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। जिले में कुल 2 हजार 352 स्कूल संचालित हैं, जिनमें 1 हजार 265 प्राथमिक और 62 हायर सेकेंडरी सरकारी स्कूल हैं। सरकार ने 9 सीएम राइज स्कूल भी स्वीकृत किए हैं, जहां केजी से 12वीं तक की हाईटेक शिक्षा दी जा रही है। लेकिन इन सब भारी भरकम इंतजामों के बावजूद बोर्ड परीक्षा तक पहुंचने वाले छात्रों की संख्या का घटना प्रशासन के लिए खतरे की घंटी है।

#### सरकार और प्रशासन के लिए बड़ा सवाल

एक तरफ जिले की आबादी बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ मुख्यधारा की शिक्षा से जुडऩे वाले छात्र कम हो रहे हैं। क्या सरकारी स्कूलों में सुविधाओं की कमी या शिक्षकों का अभाव इसकी वजह है। सीएम राइज जैसे आधुनिक स्कूलों की चमक के बीच सरकारी स्कूलों का पुराना ढांचा कहीं पिछड़ तो नहीं रहा। यह गिरावट जिले के भविष्य पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही है।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने दी 19 लाख की सौगात, नागरिकों ने किया स्वागत

## गंदगी फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी जरूरी: राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शहर में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। वहीं शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने के लिए भी नगर पालिका का अमला सतर्क है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शनिवार को शहर के वार्ड क्रमांक सात में सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहाकि सड़क का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ समयसीमा पर किया जाए।

इस मौके पर उन्होंने 19 लाख से सीसी रोड के कार्य का यहां पर मौजूद क्षेत्रवासियों से भूमि पूजन कार्य का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहाकि गंदगी फैलाने वालों पर भारी जुर्माना और कड़ी निगरानी जरूरी, इसके लिए शहर में स्वच्छता मित्रतों के अलावा कचरा गाड़ी आदि लगाई गई है। वहीं नगर में लोगों को शुद्ध जल उपलब्ध हो इसके लिए भी नगर पालिका जल प्रभारी से चर्चा की। वार्ड क्रमांक सात के पार्षद विजेन्द्र परमार ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष राठौर के द्वारा क्षेत्र अंतर्गत शिवाजी कालोनी, जितेन्द्र कुशवाह से मालवीय के घर तक शिव मंदिर से गोविन्द्र गीते तक एवं गोपाल कुशवाह से राम सिंह के तक सीसी रोड का निर्माण कार्य का भूमि पूजन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्षद राजेश मांझी, नरेन्द्र राजपूत, अजय पाल सिंह राजपूत आदि शामिल थे।